
हादसा

जल निगम पर बाल मजदूरी कराने के आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

# मजदूरी कर लौट रहे किशोर की सड़क हादसे में मौत






**नारायणगंज, नवभारत।** जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया के भरिया टोला स्थित जल निगम प्लांट से मजदूरी कर घर लौट रहे 17 वर्षीय किशोर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वहीं, जल निगम प्लांट में नाबालिगों से मजदूरी कराए जाने के आरोपों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार विगत दिवस की शाम करीब 6 बजे ग्राम लावर चारगांव निवासी नरेंद्र उइके अपने 17 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार उइके के साथ जल निगम प्लांट में कार्य करने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम खमरिया के समीप एक नीले रंग के पॉवरट्रैक ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर का दाहिना टायर फटकर अलग हो गया। हादसे में सौरभ कुमार उइके की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नरेंद्र उइके गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया।

### बाल मजदूरी के आरोपों पर जांच की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जल निगम प्लांट में लंबे समय से नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है। उनका कहना है कि मृतक सौरभ कुमार उइके भी अपने पिता के साथ नियमित रूप से प्लांट में कार्य करता था। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार एवं संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### चालक वाहन छोड़कर हुआ फरार

घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर टिकरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया। पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की विवेचना जारी है।

### ग्रामीणों ने की प्रशासन से मुआवजे की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित आर्थिक सहायता एवं मुआवजा प्रदान करने तथा घायल नरेंद्र उइके के समुचित उपचार की व्यवस्था कराने की मांग की है। साथ ही भविष्य में किसी भी नाबालिग से मजदूरी न कराई जाए, इसके लिए प्रभावी कार्रवाई करने की भी मांग उठाई गई है। फिलहाल टिकरिया पुलिस सड़क दुर्घटना के साथ-साथ बाल मजदूरी से जुड़े आरोपों की भी विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

# टिकरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

- कार्यक्रम में आमजन एवं विद्यार्थियों को जल बचाने का संकल्प दिलाया गया




**नारायणगंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नारायणगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत टिकरिया में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर विस्तार से जानकारी देकर लोगों एवं विद्यार्थियों को जल बचाने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना टिकरिया के थाना प्रभारी प्रदीप पांडे ने अपने संबोधन में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल प्रकृति का अनमोल उपहार है। उन्होंने दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने, जल की बर्बादी रोकने तथा वर्षा जल संरक्षण को अपनाने की अपील की।

### जल संरक्षण का बताया महत्व

विद्यालय की प्राचार्य अर्चना नेमा ने उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण के व्यावहारिक उपाय बताए तथा प्रत्येक व्यक्ति से जल बचाने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। इसके पश्चात डीसी सर ने 'जल है तो कल है' विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल स्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जल संकट की गंभीरता से अवगत कराते हुए सभी से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान सुरेश कुमार सोनी ने उपस्थित सभी लोगों से 'जल की रक्षा कौन करेगा? - हम करेंगे' का जोशीला नारा लगवाकर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मेंटर परिवार के सदस्यों एवं अन्य सहयोगियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। अंत में वीरेंद्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# अवैध शराब परिवहन मामले में घिरे मंडला युवा कांग्रेस अध्यक्ष

1.50 लाख की अवैध शराब जब्त, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजू अहिरवार पर केस दर्ज

**मंडला।** मंडला जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संजू अहिरवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अवैध शराब परिवहन के एक गंभीर मामले में संजू अहिरवार को सह-आरोपी बनाए जाने के बाद उन्होंने गिरफ्तारी से बचने के लिए न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने निरस्त कर दिया है। यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक गलियारों, विशेषकर कांग्रेस संगठन में हड़कंप मच गया है।

यह पूरा मामला बालाघाट जिले के चांगोटोला थाना क्षेत्र का है, जहां विगत 25 मार्च 2026 को पुलिस ने पादरीगंज लामता रेलवे फाटक के पास एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक




बालाघाट के दिशा-निर्देश पर गठित विशेष टीम की जांच और मामले के मुख्य गवाहों के बयानों के आधार पर पाठा सिहोरा (नैनपुर) निवासी संजू अहिरवार के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। गवाहों ने अपने बयानों में स्पष्ट किया है कि वे संजू अहिरवार के कहने पर ही अवैध शराब ला रहे थे।

### नेता प्रतिपक्ष के कार्यक्रम से भी रहे गायब

सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में मंडला दौरे पर आए विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के भव्य कार्यक्रम में भी आरोपी पदाधिकारी संजू अहिरवार दूर-दूर तक नजर नहीं आए। वर्तमान में अध्यक्ष का मोबाइल फोन बंद आ रहा है और पुलिस के साथ-साथ खुद पार्टी के कार्यकर्ता भी उनकी तलाश कर रहे हैं। चांगोटोला पुलिस ने मुख्य आरोपी संदीप चौधरी को जेल भेज दिया है और फरार चल रहे युवा कांग्रेस अध्यक्ष की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है।

### रेलवे फाटक के पास हुई थी घेराबंदी

थाना चांगोटोला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मुन्नालाल पटले को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टवेरा और एक वैगनआर कार में अवैध शराब भरकर पादरीगंज से नैनपुर की ओर ले जाई जा रही है। पुलिस ने पाटादेह तिराहे पर घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध वाहनों को रोका। इस कार्रवाई के दौरान वैगनआर कार का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जबकि टवेरा चालक संदीप चौधरी 36 वर्ष, निवासी नैनपुर को पुलिस ने दबोच लिया। दोनों वाहनों की तलाशी में अंग्रेजी व देशी मदिरा की कुल 15 पेटियां बरामद हुईं, जिसकी अनुमानित कीमत 1.50 लाख आंकी गई है।

### इनका कहना है

सोशल मीडिया से मुझे जानकारी मिली है संबंधित कार्यकर्ता संजु का मोबाईल बंद है, 15 दिनों से मेरी मुलाकात भी नही हुई है। मामले की जानकारी ले रहा हूं।


**डॉ. अशोक मर्सकोले, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी मंडला**

# आज बड़ी खेड़ामाई मंदिर में होगा विशाल देवी जागरण

- शहनाज अख्तर देंगी देवी भजनों की प्रस्तुति

**नारायणगंज।** नगर के सार्वजनिक बड़ी खेड़ामाई मंदिर, चक्रवर्ती मोहल्ला में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के तहत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मां बड़ी खेड़ामाई की मूर्ति का पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ।

आयोजन के तहत आज रविवार, 28 जून को प्रात: कन्या भोज, हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रि 8 बजे से भव्य देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें प्रसिद्ध देवी गीत



गायिका शहनाज अख्तर अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण का आनंद कराएंगी। आयोजन समिति के वसंत चक्रवर्ती एवं समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

**मंडला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार श्री कमल जोशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडला द्वारा जिला जेल, मंडला का निरीक्षण किया गया तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुरुष एवं महिला बैरकों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, बंदियों के बिस्तरों तथा शौचालयों की



स्वच्छता का अवलोकन किया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी प्रदान की। चर्चा के दौरान कुछ बंदियों ने अधिवक्ता उपलब्ध न होने की जानकारी दी, जिस पर उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के अंतर्गत अधिवक्ता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही, ऐसे बंदियों के संबंध में भी निर्देश दिए गए जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में निर्धारित पेशी पर उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं।

# आज से पोलियों के खिलाफ महाजंग

**मंडला।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शंखनाद होने जा रहा है। जिले में यह अभियान आगामी 28 जून से 30 जून तक संचालित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि आप सभी के साझा प्रयासों से हमारा प्रदेश विगत 15 वर्ष पहले ही पूरी तरह पोलियो मुक्त हो चुका है। हालांकि वैश्विक स्तर पर वाइल्ड पोलियो वायरस का संक्रमण अभी भी हमारे पड़ोसी देशों में मौजूद है।

# बजरंग बली मंदिर की दानपेटी तोडकर नगदी चोरी

**मंडला।** महाराजपुर उपनगर में धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बजरंग चौक स्थित बजरंग बली मंदिर का है, जहां 24 जून की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर की दानपेटी तोडकर उसमें रखी नगदी एवं दान सामग्री चोरी कर ली।

घटना की सूचना मिलने पर महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। बजरंग चौक नगर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां दिन-रात लोगों की आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त होती है



और चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। इसके बावजूद मंदिर में चोरी की घटना होने से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की जा रही है।

### पहले भी हो चुकी है चोरी

स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी मंदिर में तीन से चार बार चोरी हो चुकी है। हर बार शिकायत के बाद भी मामलों का खुलासा नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। 22 जून को भी महाराजपुर थाना परिसर के समीप स्थित संतोषी माता मंदिर में चोरी की घटना सामने आई थी।

### क्षेत्रवासियों ने की एसपी से मांग

क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक से दोनों घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी और प्रभावी गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# बिछिया पुलिस ने ग्रामीणों को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

- अनजान लिंक और ओटीपी से बचने की दी सलाह

**भुआ बिछिया।** बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में थाना बिछिया पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम चौरंगा एवं ग्राम मुहाड़ के आंगनबाड़ी केंद्रों में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस जागरूकता कार्यक्रम में



बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। शिविर के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थितजनों को वर्तमान में चल रहे विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी के तरीकों से अवगत कराया। ग्रामीणों को समझाया गया कि वे किसी भी अजनबी या संदिग्ध कॉल आने पर अपना ओटीपी, यूपीआई पिन या बैंक खाते से जुड़ी कोई भी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही, मोबाइल पर आने वाले किसी भी फर्जी या लुभावने लिंक पर क्लिक न करने की सख्त सलाह दी गई।

**साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत डायल करें हेल्पलाइन 1930 :** कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को त्वरित कानूनी और तकनीकी मदद के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर अपराध का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे मामलों में पीड़ित व्यक्ति बिना देर किए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकता है या फिर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। समय पर की गई शिकायत से ठगी गई राशि को ब्लॉक कराने में मदद मिलती है। बिछिया थाना प्रभारी रंजीत सैयाम ने पुलिस स्टाफ के साथ मौजूद रहकर सभी ग्रामीणों को सुरक्षा की शपथ दिलाई।

# मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत मथुरा-वृंदावन की यात्रा जुलाई में

**मंडला।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत मंडला जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए जुलाई माह में दो विशेष तीर्थ यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय मंडला द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे नागरिक, जो आयकरदाता नहीं हैं, योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं के लिए आयु सीमा में दो वर्ष की छूट का प्रावधान है। जारी कार्यक्रम के अनुसार पहली यात्रा कामा या धाम के लिए 11 जुलाई से 16 जुलाई तक तथा दूसरी यात्रा मथुरा-वृंदावन के लिए 25 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रस्तावित है।

# अज्ञात डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**बम्हनी बंजर।** थाना क्षेत्र के भोरताल जंगल में शुक्रवार को हुए सडक् हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब ब्लास्टिंग सामग्री लेकर जा रहे ट्रैक्टर को एक अज्ञात डंपर ने टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नरेश कुशराम (35) निवासी ग्राम काता के रूप में हुई है। हादसे के समय ट्रैक्टर डोलोमाइट खदान की ओर जा रहा था। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सडक् किनारे गड्ढे में पलट गया और चालक वाहन के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर में सवार सहायक महेंद्र




कुशराम को मामूली चोटें आई और वह सुरक्षित बच गया। सूचना पर ब हनी बंजर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# 138 मास्टर वॉलंटियर्स को दिया गया नशामुक्ति का प्रशिक्षण



**मंडला।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा वाल्मी, भोपाल के माध्यम से ''नशामुक्त भारत अभियान'' के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष, मंडला में जिला स्तरीय मास्टर वॉलंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं से आए 138 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपसंचालक श्री रोहित बड़कुल ने किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्ति के लिए समाज की सहभागिता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को नशे से दूर रखने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक राजीव तिवारी एवं वाल्मी, भोपाल के समन्वयक विजय कुमार गुप्ता ने नशे की रोकथाम, जनजागरूकता, प्रभावी प्रचार-प्रसार तथा मास्टर वॉलंटियर्स की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में नारकोटिक्स विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, ग्रामीण निकायों के सचिव, एनएसएस के विद्यार्थी, पैरालीगल वॉलंटियर्स, गायत्री परिवार एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्रवाई

नैनपुर में ट्रक से साफ किया था 150 लीटर डीजल, साथी की तलाश जारी

# हाईवे पर ट्रकों से डीजल उड़ाने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार

**नैनपुर।** जिला पुलिस कप्तान राजेश रघुवंशी के कड़े निर्देशन में नैनपुर पुलिस को हाईवे पर सक्रिय शातिर चोरों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले एक आदतन और नामी अपराधी को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का डीजल बेचने से मिली नकदी, वारदात में इस्तेमाल लग्जरी कार और अन्य सामग्री बरामद की है।



### खड़े ट्रक से पार कर दिया था 150 लीटर डीजल

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार छिंदवाड़ा जिले के उमरानाला निवासी ट्रक चालक शेख शरीफ कुरैशी ने नैनपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बीते 21 जून की रात वह गेहूं की खेप लेकर नैनपुर आया था और अपना ट्रक क्रमांक एमएच 40-9586 निवारी क्षेत्र में खड़ा कर आराम कर रहा था। अगली सुबह जब उसने ट्रक की डीजल टंकी चेक की, तो उसमें से करीब 150 लीटर डीजल गायब था। फरियादी की रिपोर्ट पर नैनपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

विवेचना के दौरान मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने नैनपुर थाने के ही निगरानी बदमाश अंशु उर्फ भूरा ठाकुर पिता राजकुमार ठाकुर, निवासी निवारी को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने टूटकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने स्वीकार किया कि उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर रात के अंधेरे में ट्रक से डीजल चोरी किया था और उसे बाजार में बेच दिया था।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त सामग्री और माल जब्त कर लिया है। जिसमें डीजल बेचने से मिले 8 हजार रूपए नगद, वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट डिजायर कार, डीजल चोरी करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 02 बड़े प्लास्टिक के जरीकेन जब्त किये गए है।